# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
## पुनरावृत्ति पत्रिका (2019–20)

कक्षा: चौथी
विषय: हिंदी

उपविषय–पाठ–1 भारत का मुकुट (कविता) पाठ–3 वीर अभिमन्यु, पाठ–4 सबसे गुणी कौन? पाठ–6 वीर स्वतंत्रता सेनानी–नेताजी, पाठ–7 बैजू बावरा

व्याकरण संबंधित–संज्ञा भेदों सहित, लिंग, वचन, सर्वनाम भेदों सहित, विराम चिह्न, पठित गद्यांश, अनुच्छेद लेखन, पत्र लेखन, अपठित गद्यांश, अपठित काव्यांश।

### अपठित गद्यांश

प्र॰1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:–

शिक्षा मनुष्य और समाज की उन्नति का माध्यम है। शिक्षा का मुख्य उद्देश्य मनुष्य का विकास करना है। शिक्षित व्यक्ति अपने साथ–साथ दूसरों को भी उन्नति की राह पर ले जाता है। अशिक्षित व्यक्ति पूर्ण रुप से जागरुक और अच्छा नागरिक नहीं बन सकता। अशिक्षा का प्रभाव देश की उन्नति और विकास में रुकावट होता है। प्राचीन काल में, शिक्षा के क्षेत्र में भारत विश्व गुरु था। दूर देशों से हज़ारों बच्चे यहाँ ज्ञान प्राप्त करने के उद्देश्य से आते थे। पढ़ा–लिखा व्यक्ति अपने कर्त्तव्यों और अधिकारों के प्रति जितना सजग होता है, उतना अशिक्षित व्यक्ति नहीं होता। इस कारण सरकार ने सभी को शिक्षित बनाने के लिए नए–नए प्रयास शुरु कर दिए। नई शिक्षा नीतियाँ बनाई गई। 'सर्वशिक्षा अभियान' चलाया गया। 'सर्वशिक्षा' का अर्थ है सभी शिक्षित हों। यदि हर शिक्षित व्यक्ति अशिक्षित व्यक्ति को शिक्षित बनाने में योगदान दे, तो राष्ट्र से अशिक्षा का अंधकार सदा के लिए मिट जाएगा।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:–
   1) शिक्षा किसकी उन्नति का माध्यम है तथा शिक्षा का मुख्य उद्देश्य क्या है?
   2) दूर देशों से हज़ारों बच्चे भारत किस उद्देश्य से आते थे?

ख) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए:–
   1) अंधकार–अँधेरा, रोशनी
   2) शिक्षित–अनपढ़, पढ़ा–लिखा

ग) सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए:–
   1) प्राचीन काल में शिक्षा के क्षेत्र में भारत विश्व गुरु था। (      )
   2) पढ़ा–लिखा व्यक्ति अपने कर्त्तव्यों और अधिकारों के प्रति सजग नहीं होता है। (      )

घ) निम्नलिखित वाक्यों में सही विकल्प चुनकर लिखिए:–
   1) शिक्षा मनुष्य और समाज की उन्नति का क्या है?
      i) माध्यम      ii) रुकावट
   2) सरकार ने शिक्षा के लिए क्या बनाई हैं?
      i) कहानियाँ      ii) नीतियाँ

प्र॰2 निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:–

भारतमाता के चरणों में,
आओ शीश झुकाएँ।
सूरज आकर रोज़ जगाता,
चंदा सुख की नींद सुलाता,
डाल–डाल पर सुंदर चिड़ियाँ,
जहाँ मीठे गीत सुनाएँ।
मिट्टी में जिसके है सोना,
नदियाँ धोती कोना–कोना,
गंगा, ब्रह्मपुत्र और सतलुज,
मौज मनाती आएँ।

सारी ऋतुएँ आएँ–जाएँ,
कोयल, बुलबुल गीत सुनाएँ,
ऋषि–मुनि भी हँस–हँसकर
जहाँ ज्ञान–कोश बिखराएँ।

क) सही विकल्प चुनकर लिखिए:– –

1) हमें भारतमाता के चरणों में क्या झुकाना चाहिए?
i) शीश ii) हाथ iii) आँखें

2) हमें रोज़ कौन आकर जगाता है?
i) धरती ii) सूरज iii) चंदा

3) हमें चिड़ियाँ क्या सुनाती हैं?
i) गीत ii) कहानी iii) चुटकले

4) भारत देश की मिट्टी में क्या है?
i) चाँदी ii) हीरे iii) सोना

5) यहाँ ऋषि–मुनि हँस–हँसकर क्या बिखेरते हैं?
i) ज्ञान–कोश ii) खुशबू iii) मुस्कान

ख) निम्नलिखित शब्दों के समान तुक वाले शब्द लिखिए:–
i) जगाता ii) सोना

पाठ से संबंधित

प्र॰3 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:–

शाम हो चली थी। आगरा की सड़कों पर चहल–पहल बढ़ गई थी। उसी समय साधुओं की एक मंडली भगवान के भजन गाती हुई किले के निकट से निकली। उस मंडली में एक बालक भी था। वह अपनी धुन में मस्त मंडली के साथ– भजन गाते हुए चला जा रहा था। भजन–कीर्तन समाप्त होने वाला ही था कि तभी कुछ सिपाही वहाँ आए। वे हाथों में हथकड़ियाँ लिए हुए थे। एक सिपाही ने ऊँचे स्वर में कहा–''यह मुगल बादशाह अकबर की राजधानी आगरा है। यहाँ केवल वही आदमी गा सकता है जो महान संगीतकार तानसेन से मुकाबला करने का सामर्थ्य रखता हो। तानसेन से हार जाने पर ऐसे आदमी को प्राणदंड दिया जाता है। तुम लोग इतने बेखबर हो कि इस नियम को तोड़कर किले के पास गाना गाते हुए चले आए। तुम सबको बादशाह के सामने हाज़िर होना पड़ेगा।'' बादशाह ने सामने लाए साधुओं को तानसेन से मुकाबला करने का आदेश दिया।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:–
1) बादशाह ने सामने लाए साधुओं को क्या आदेश दिया?
2) एक सिपाही ने ऊँचे स्वर में क्या कहा?

ख) निम्नलिखित वाक्य पर सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए:–
1) आगरा की सड़कों पर चहल–पहल बढ़ गई थी।

प्र॰4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:–
क) दुर्योधन ने अपने वीरों को क्या आज्ञा दी?
ख) मँझले राजकुमार ने कौन–सा अच्छा काम किया था?
ग) जानकीनाथ बोस की क्या इच्छा थी?
घ) बालक बैजनाथ के मन में क्या विचार उमड़ता रहता था?

प्र॰5 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:–
क) यह मुगल बादशाह अकबर की राजधानी .................... है।
ख) सुभाषचंद्र के हृदय में .................... के प्रति अगाध प्रेम हिलोरें ले रहा था।
ग) राजा ने .................... बलजीत की बात भी ध्यानपूर्वक सुनी।
घ) इस चक्रव्यूह को तोड़ना केवल .................... जानता था।

प्र॰6 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए:–
क) आज्ञा ख) शक्तिशाली ग) सम्मान घ) शांत

सही विकल्प चुनकर लिखिए:–

क) आगरा किसकी राजधानी थी?
   i) बादशाह अकबर की   ii) शेरशाह सूरी की

ख) राजा का क्या नाम था?
   i) परमजीत   ii) दलजीत

प्र.8 निम्नलिखित वाक्य किसने कहे:–

क) "तानसेन, तुम्हारी हार हुई।"

ख) "पिताजी, एक दिन मैं पहाड़ी पर बने शिवालय की तरफ जा रहा था।"

प्र.9. निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए:

क) धवल रजत–सी निर्मल काया
   ............................................ ।
   गिरि के हरे–भरे मधुवन में
   ............................................ ।।

ख) हिम–शिखरों के चक्रव्यूह का
   ............................................ ।
   जग में सबसे ऊँचा गिरिवर
   ............................................ ।

## व्याकरण से संबंधित

प्र.10. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए:–

क) दादा जी <u>हरियाली</u> में घूम रहे हैं।

ख) <u>गाय</u> घास खा रही है।

ग) <u>सीता</u> पढ़ने में बहुत तेज़ है।

घ) <u>दिल्ली</u> भारत की राजधानी है।

प्र.11. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के सही भेद चुनकर लिखिए:–

क) आम में <u>मिठास</u> है। (भाववाचक संज्ञा / जातिवाचक संज्ञा)

ख) <u>शेर</u> जंगल में सोया है। (भाववाचक संज्ञा / जातिवाचक संज्ञा)

ग) <u>नरेश</u> शहर में रहता है। (व्यक्तिवाचक संज्ञा / भाववाचक संज्ञा)

घ) <u>राजा</u> महल में बैठा है।। (भाववाचक संज्ञा / जातिवाचक संज्ञा)

प्र.12. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए:–

क) <u>छात्र</u> पढ़ रहा है।

ख) हमारा <u>पड़ोसी</u> बहुत अच्छा है।

ग) <u>सेठ</u> किताब पढ़ रहा है।

घ) मेरे <u>पिता जी</u> बहुत अच्छे हैं।

प्र.13. कोष्ठक में दिए शब्दों के लिंग बदलकर रिक्त स्थान भरिए:–

क) मेरे पास ................... है। (डिब्बा)

ख) पेड़ पर ................... बैठी है। (बंदर)

ग) ................... जंगल में बैठी है। (शेर)

घ) ................... पूजा कर रही है। (पंडित)

प्र.14. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए:–

क) मेरे पास <u>पतंग</u> है।

ख) <u>रानी</u> महल में बैठी है।

ग) मेरी पास <u>टोपी</u> है।

घ) <u>लड़की</u> खेल रही है।

प्र.15. कोष्ठक में दिए शब्दों के वचन बदलकर रिक्त स्थान भरिए:–

क) नरेश बहुत .................... करता है। (बात)

ख) मेरे पास .................... हैं। (माला)

ग) फलों पर .................... बैठी हैं। (मक्खी)

घ) माँ ने बाज़ार से .................... लाईं। (दवाई)

प्र.16. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम शब्दों के भेद लिखिए:–

क) <u>हम</u> सैर कर रहे हैं।

ख) दाल में <u>कुछ</u> पड़ा है।

ग) इस थैले में <u>क्या</u> है?

घ) <u>यह</u> मेरा बस्ता है।

प्र.17. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम शब्दों के सही भेद चुनकर लिखिए:–

क) <u>मैं</u> बाज़ार जाऊँगी। (पुरुषवाचक / प्रश्नवाचक)

ख) आप <u>कहाँ</u> जा रहे हैं? (प्रश्नवाचक / निश्चयवाचक)

ग) <u>वह</u> मेरी मामी जी हैं। (प्रश्नवाचक / निश्चयवाचक)

घ) बाहर <u>कोई</u> खड़ा है। (अनिश्चयवाचक / पुरुषवाचक)

प्र.18. निम्न दिए विराम चिह्नों के नाम लिखिए:–

क) !

ख) ।

ग) ,

घ) ?

प्र.19. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाइए:–

क) तुम कहाँ जा रहे हो

ख) सीता खेल रही है

ग) मेरे पास लाल हरा नीला और काला रुमाल है

घ) शाबाश तुमने तो कमाल कर दिया

प्र.20. 'खेलों का महत्व' विषय पर सहायक सूची के माध्यम से एक अनुच्छेद लिखिए– (शब्द सीमा 70–80)

सहायक सूची– खेलों का महत्व, तंदुरुस्ती, बीमारियों से दूर, तरोताज़ा, स्वस्थ जीवन, उत्साह, मनोरंजन, स्वच्छ वातावरण, पढ़ाई के साथ खेल ज़रुरी।

प्र.21. अपने भाई की शादी पर अपने मित्र को बुलाने के लिए निमंत्रण पत्र लिखिए।